प्रेस नोट थाना कटरा
जनपद शाहजहाँपुर

दिनांक – 19.10.2026

"थाना कटरा पुलिस द्वारा गैर इरादत्न हत्या के अभियोग में वांछित 03 अभियुक्त व 02 अभियुक्ता (कुल 05) को किया गया गिरफ्तार"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में, श्रीमान क्षेत्राधिकारी तिलहर महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कटरा पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई।

संक्षिप्त विवरण

दिनांक 19.10.2026 को वादी द्वारा थाना कटरा पर दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 302/26 धारा 190/191(2)/191(3)/105/115(2)/352 बीएनएस बाबत अभियुक्त सुखपाल आदि 07 नफर द्वारा वादी व वादी के भाइयों के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डण्डों, बांके से मारपीट करना तथा मारपीट में घायल वादी के भाई रमेश की दौराने इलाज मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 118(1) बीएनएस की वृद्धि की गयी। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण 1. सुरेश पुत्र कस्तूरीलाल 2. सुखपाल पुत्र सुरेश 3. राजपाल पुत्र सुरेश 4. नीतू पत्नी अन्नू 5. ममता पत्नी सुखपाल निवासीगण मो0 तहवरगंज, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर को मुखबिर की सूचना पर मय घटना मे प्रयुक्त 01 अदद बांका, 01 अदद डण्डा व 01 अदद ईट सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष समय से पेश किया जाएगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

1. सुखपाल पुत्र सुरेश, उम्र 25 वर्ष, नि0मो0 तहवरगंज, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर।
2. राजपाल पुत्र सुरेश, उम्र 30 वर्ष, नि0मो0 तहवरगंज, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर।
3. सुरेश पुत्र कस्तूरीलाल, उम्र 52 वर्ष, नि0मो0 तहवरगंज, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर।
4. नीतू पत्नी अन्नू, उम्र 22 वर्ष, नि0मो0 तहवरगंज, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर।
5. ममता पत्नी सुखपाल, उम्र 25 वर्ष, नि0मो0 तहवरगंज, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरण

मु0अ0सं0 302/26 धारा 190/191(2)/191(3)/105/115(2)/352,118(1) बीएनएस, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर।

बरामदगी का विवरण

घटना मे प्रयुक्त 01 अदद बांका, 01 अदद डण्डा, 01 अदद ईंट

आपराधिक इतिहास

सुखपाल और सुरेश

मु0अ0सं0- 159/23 धारा 147/148/149/308/323/452/504/506 भादवि, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण

प्र0नि0 श्री अवधेश कुमार सिंह
उ0नि0 श्री मनोज कुमार
उ0नि0 श्री पदम सिंह

म0उ0नि0 श्रीमती अंशु
हे0का0 कपिल
का0 राहुल
का0 आशीष
म0का0 नेहा राय
म0का0 राजकुमारी
म0का0 प्रियंका